# Hindi Sample Paper - 8

SECTION-IA : हिन्दी

1. 'खिचड़ी' किस प्रकार का शब्द है?
   (a) देशज (b) तत्सम
   (c) तद्भव (d) विदेशज
2. ''तीन बेर खाती थी, वे तीन बेर खाती हैं।'' इस वाक्य में प्रयुक्त अलंकार पहचानिए।
   (a) रूपक (b) श्लेष
   (c) उत्प्रेक्षा (d) यमक
3. इनमें से कौन-सा तत्सम शब्द नहीं है।
   (a) दधि (b) उष्ट्र
   (c) चक्षु (d) सिंगार
4. निम्न में से किस विकल्प में त्रुटि नहीं है?
   (a) मैंने उस कागज में हस्ताक्षर कर दिए।
   (b) मैंने हस्ताक्षर कर दिया उस कागज पर।
   (c) उस कागज पर मैंने हस्ताक्षर कर दिया।
   (d) उस कागज पर मैंने हस्ताक्षर कर दिए।
5. सूरदास और नंददास की काव्य रचनाओं की भाषा कौन-सी थी?
   (a) प्राकृत (b) ब्रजभाषा
   (c) संस्कृत (d) खड़ी बोली
6. 'प्रेम अनदेखी राहों की तरह ही आकर्षक होता है।' वाक्य का काल पहचानिए।
   (a) सामान्य वर्तमान काल
   (b) अपूर्ण वर्तमान काल
   (c) पूर्ण वर्तमान काल
   (d) सामान्य भूतकाल
7. 'प्रेम में भगवान' रचना के लिए जैनेन्द्र को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
   (a) भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय पुरस्कार
   (b) सरस्वती सम्मान
   (c) देव पुरस्कार
   (d) व्यास सम्मान
8. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प 'निशीथ' का अर्थ है।
   (a) निशा में स्थिर रहना
   (b) चन्द्रमा
   (c) भानु
   (d) आधी रात
9. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान पूर्ण कीजिए। जब कंधे पर .......... का भार पड़ेगा, तब .......... का भाव मालूम हो जाएगा।
   (a) दोस्ती, रुपयों
   (b) मजबूरी, गली-कूचों
   (c) बीबी, घर
   (d) गृहस्थी, आटे-दाल
10. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प 'स्मरण' का विलोमार्थी शब्द है?
    (a) अस्मरण (b) अनुस्मरण
    (c) अनस्मरण (d) विस्मरण
11. निम्न में से उचित शब्द का चयन करें।
    (a) उद्योगिक (b) ओद्यौगिक
    (c) औद्योगीक (d) औद्योगिक
12. 'अमृत और विष' किसकी रचना है?
    (a) अब्दुल बिस्मिल्लाह खां
    (b) केदारनाथ अग्रवाल
    (c) सुमित्रानंदन पन्त
    (d) अमृतलाल नागर
13. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प 'संक्षिप्त' का विलोम शब्द है?
    (a) विस्तृत (b) विकास
    (c) सीमा (d) स्थिर
14. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प 'उम्मीद' का विलोम शब्द है?
    (a) आशा (b) अवनति
    (c) असंतोष (d) मायूसी
15. इनमें से कौन-सा शब्द अंग्रेजी में अपनाया गया है जिसका अर्थ भिन्न होता है?
    (a) जगन्नाथ (b) भगवान
    (c) प्रभु (d) ईश्वर
16. 'खराद पर चढ़ना' का अर्थ कौन-सा विकल्प है?
    (a) कठिनाई में पड़ना
    (b) जाँच में आना
    (c) शत्रु के आमने-सामने आना
    (d) सच्चाई का सामना करना
17. निम्न विकल्पों में पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?
    (a) राशि (b) कुर्सी
    (c) पक्षी (d) चील
18. किस शब्द में 'गण' का प्रयोग कर बहुवचन नहीं बनाया जा सकता?
    (a) देवी (b) भक्त
    (c) नेता (d) शिक्षक
19. नीलोत्पलम में कौन-सा समास है?
    (a) कर्मधारय (b) बहुब्रीहि
    (c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष
20. 'लोकायतन' कृति के लिए 'सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार' किसे दिया गया था?
    (a) गोविन्द मिश्र
    (b) सुमित्रानन्दन पन्त
    (c) रामविलास शर्मा (d) केदारनाथ
21. ......... स्त्रीलिंग शब्द होते हैं।
    (a) वृक्षों के नाम (b) पर्वतों के नाम
    (c) नक्षत्रों के नाम (d) देशों के नाम
22. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान पूर्ण कीजिए। परभृत, ............ का पर्याय है।
    (a) कोयल (b) रंग
    (c) बगुला (d) साँप
23. 'सालों बाद उसका प्रवासी पति लौटा है।' इस वाक्य में कौन-सा शब्द विशेषण है?
    (a) लौटा (b) पति
    (c) प्रवासी (d) सालों
24. इन वाक्यों को सही क्रम में लगाएँ।
    (A) रावण तो सिर्फ रावण है।
    (B) 'रावण' ....... दुनिया में इस नाम का दूसरा कोई व्यक्ति नहीं है।
    (C) राजाधिराज लंकाधिपति महाराज रावण को दशानन भी कहते हैं।
    (D) राम तो बहुत मिल जाएंगे, लेकिन रावण नहीं।

(a) (A), (B), (D), (C)
(b) (B), (A), (D), (C)
(c) (B), (D), (A), (C)
(d) (B), (C), (A), (D)

25. **'सुधि' शब्द के अंत में क्या जोड़ने पर शब्द बहुवचन बन जाएगा?**
(a) जन (b) गण
(c) वृंद (d) वर्ग

26. **निम्न विकल्पों में पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?**
(a) सेना (b) धरती
(c) कुटुंब (d) मणि

27. **'आये थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास' कहावत का अर्थ कौन-से विकल्प में बताया गया है?**
(a) किसी कार्य विशेष की उपेक्षा कर किसी अन्य कार्य में लग जाना।
(b) हरिभक्ति का मार्ग कठिन होता है।
(c) ईश्वर भक्ति को छोड़ व्यापार में लग जाना।
(d) उद्देश्य की प्राप्ति में असफल होना।

28. **दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वाक्य छांटिये।**
(a) मेरे जूते तुमसे अच्छे है।
(b) वह शायद से आज आयेगा।
(c) गाँधीजी ईश्वर के पक्के भक्त थे।
(d) चाकू से बच्चों को काटकर फल दो।

29. **किसी की/का ....... पाकर उसके प्रति ....... का भाव प्रकट करना आवश्यक है। दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान पूर्ण कीजिए।**
(a) उपकार, गुलामी
(b) अनुदान, कृतघ्न
(c) मदद, कर्ज
(d) सहायता, कृतज्ञता

30. **'परीक्षा में कठिन प्रश्नों को देखकर मेरी अकल चकराने लगी।' वाक्य में आये मुहावरे का अर्थ कौन-सा विकल्प दर्शाता है?**
(a) गुस्से से भर जाना
(b) शर्मिंदा होना
(c) अनदेखा करना
(d) कुछ समझ में न आना

31. **दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प 'अंगना' शब्द का समानार्थी शब्द है?**
(a) स्त्री (b) पल्लू
(c) गांव (d) आंगन

32. **किसकी लोकप्रियता बढ़ती है?**
(a) जो आत्म-विश्वास से आगे बढ़ते हैं।
(b) जो त्रस्त लोगों को सहारा देते हैं, हिम्मत बढ़ाते हैं।
(c) जो त्रस्त, पराजित है।
(d) जो हृदय में स्थान बना लेते हैं।

33. **अच्छे संस्कार का क्या लक्षण है?**
(a) दिलचस्पी से अपना काम करना।
(b) दूसरों के बुरे समय में तहे दिल से मदद करना।
(c) ऊँची उड़ान भरना।
(d) दूसरों को अपनी ओर आकर्षित करना।

34. **गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है ...........।**
(a) व्यवहार कुशलता
(b) शिष्टाचार
(c) लोकप्रियता
(d) आत्म-विश्वास

35. **'सब्ज बाग दिखाना' इस मुहावरे का अर्थ क्या है?**
(a) हिम्मत बंधाना
(b) हरे भरे उद्यानों की सैर करना।
(c) धोखा देना
(d) झूठे वायदे करना

36. **'काली घटा का घमंड घटा।' पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार पहचानिए।**
(a) रूपक (b) अनुप्रास
(c) माननीय (d) यमक

37. **'काजल की रेख-सी कतार है, खजूर की', इस पंक्ति में अर्थालंकार का कौन-सा भेद झलकता है?**
(a) रूपक (b) उपमा
(c) माननीय (d) उत्प्रेक्षा

38. **दिए गए विकल्पों में से सही वाक्य का चयन करें।**
(a) तलवार एक उपयोगी फौलाद है।
(b) तलवार एक उपयोगी अस्त्र है।
(c) तलवार एक उपयोगी शस्त्र है।
(d) तलवार एक उपयोगी शास्त्र है।

39. **दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प 'प्रत्यक्ष' शब्द का समानार्थी शब्द है?**
(a) भावस्मरणीय (b) अविस्मरणीय
(c) नक्षत्र (d) साक्षात

40. **'चरण कमल बन्दौ हरि राई।' पंक्ति में 'चरण कमल' का अर्थ क्या है?**
(a) पैर और कमल का फूल
(b) कमल के फूल पर पैर
(c) पैरों पर कमल के फूल
(d) कमल के फूल जैसे पैर

41. **'मनमाना' में कौन-सा समास है-**
(a) अव्ययीभाव (b) कर्मधारय
(c) तत्पुरुष (d) बहुब्रीहि

42. **मनोविज्ञान में कौन-सी संधि है-**
(a) व्यंजन संधि (b) विसर्ग संधि
(c) यण संधि (d) दीर्घ संधि

43. **'राज्यपाल' में कौन-सी संज्ञा है-**
(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) भाववाचक (d) समूहवाचक

44. **<u>यह</u> मेरी पतंग है। रेखांकित का भेद बताइए।**
(a) निश्चयवाचक सर्वनाम
(b) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(c) निजवाचक सर्वनाम
(d) प्रश्नवाचक सर्वनाम

45. **'कल' शब्द का अर्थ है बीता हुआ दिन, इसका भिन्नार्थक शब्द चुनिए-**
(a) आज कल (b) मृत्यु
(c) काल (d) आने वाला कल

**निर्देश (प्र.सं. 46-50): निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

संस्कृति किसी दो मंजिला मकान की तरह होती है। पहली मंजिल पर एकदम मूलभूत मगर चिरन्तन जीवन-मूल्य होते हैं। इसमें परस्पर सहकार्य, न्याय, सौन्दर्य जैसे मूलभूत तत्व आते हैं। ये मूल्य समय से परे होते हैं। पहली मंजिल पर दूसरी मंजिल का निर्माण किसी समाज की विशिष्ट आवश्यकता के अनुरूप होता है।

धार्मिक, ऐतिहासिक परम्परा, आर्थिक लेन-देन, स्त्री-पुरुष सम्बन्ध और परिस्थितिजन्य अन्य मूल्यों के निर्माण में योगदान होता है। यह व्यवस्था मूलतः संरक्षणात्मक होने के कारण तरह-तरह के प्रतीक, परम्परा, रूढ़ि और अन्धविश्वास का सड़ा-सा पिंजरा बनाती है। इससे पहली मंजिल के मूलभूत मूल्यों की उपेक्षा होने लगती है। समाज को भ्रम होने लगता है, कि दूसरी मंजिल की मूल व्यवस्था ही अपनी सच्ची संस्कृति है। भ्रम से कई तरह की विकृति उत्पन्न होती है, जो सामाजिक परिवर्तन से संघर्ष करने लगती है। वस्तुतः आज इन्हीं परिस्थितियों को मात देकर नई संस्कृति का निर्माण करना देश के सामने सबसे बड़ा कार्य है। इसमें शिक्षा पद्धति और प्रसार माध्यम महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। शिक्षा से भावी पीढ़ी पर सांस्कृतिक निष्ठा के संस्कार डाले जाते हैं। हमारी शिक्षा इस कसौटी पर खरी नहीं उतरी है। समाज में विषमता की खाई चौड़ी करने में ही इसका योगदान रहा है। यह अमीरों की दोस्त और गरीबों की दुश्मन हो गई है। एकाध ठीक-ठाक पाठशाला में बच्चे को प्रवेश दिलाने में बीस हजार रुपये तक हफ्ता देना पड़ता है।

46. **परस्पर सहकार्य, न्याय तथा सौन्दर्य को संस्कृति के मूल तत्व क्यों कहा गया है?**
    (a) ये समय के साथ बदलते हैं।
    (b) इन्हें प्राप्त करने में बहुत कठिनाई होती है।
    (c) इनकी जड़ें बहुत गहरी हैं।
    (d) इनमें समाज की अधिक आस्था होती है।

47. **संस्कृति के पुनर्निर्माण में सबसे अधिक सहायक कौन हो सकता है?**
    (a) लोगों की दृढ़ इच्छाशक्ति
    (b) संस्कृति का सरलीकरण
    (c) शिक्षा पद्धति में बदलाव
    (d) संस्कृति का सामान्य जनों में उचित प्रसार-प्रचार

48. **संस्कृति के मूल तत्वों की उपेक्षा क्यों होने लगती है?**
    (a) संस्कृति के मूल तत्व इतने दु:साध्य हैं, कि उन्हें हर समय बनाए रखना कठिन है।
    (b) पुरानी रूढ़ियाँ और परम्पराएँ हम पर हावी हो जाती हैं और हम ठीक प्रकार से नहीं सोच पाते है।
    (c) उसका निर्माण अलग-अलग लोग करते हैं, इसलिए कोई अपना उत्तरदायित्व नहीं मानता है।
    (d) संस्कृति अदृश्य है, अतः सामान्य जनता उसके महत्व को नहीं जानती है।

49. **शिक्षा पद्धति सफल क्यों नहीं हो रही है?**
    (a) वह अमीरों और गरीबों के बीच खाई चौड़ी कर रही है
    (b) शिक्षा बहुत महँगी हो गई है
    (c) वह संस्कृति के प्रति पूज्य भाव के संस्कार नहीं डाल पा रही है।
    (d) वह हर बार बदल दी जाती है।

50. **संस्कृति को दो मंजिला मकान की तरह क्यों बताया गया है?**
    (a) उसके निर्माण में श्रम और समय दोनों लगते हैं।
    (b) उसके दो अलग-अलग घटक हैं।
    (c) उसका सम्बन्ध उच्च और निम्न वर्ग दोनों से है।
    (d) वह किसी भी राष्ट्र की दो स्थितियों को स्पष्ट करती है।

## SECTION-IA : हिन्दी

1. (a) विभिन्न प्रदेशों में प्रचलित आम बोलचाल की भाषा के वे शब्द जो हिन्दी में आ गए है, उन्हें देशज शब्द कहा जाता है। जैसे- खिचड़ी, लोटा, डिबिया आदि।

2. (d) ''तीन बेर खाती थी, वे तीन बेर खाती हैं।'' इस पंक्ति में यमक अलंकार है। जब किसी काव्य में एक ही शब्द दो या दो से अधिक बार हो परन्तु उनका अर्थ भिन्न हो, वहाँ यमक अलंकार होता है। उपर्युक्त वाक्य में 'बेर' शब्द दो बार प्रयुक्त हुआ है। पहले 'बेर' का अर्थ 'वक्त' है, जबकि दूसरे बेर का अर्थ बेर नामक एक 'फल' है।

3. (d) 'सिंगार' तद्भव शब्द है, जिसका तत्सम शब्द 'श्रृंगार' है।

4. (d)

5. (b) सूरदास एवं नंददास की काव्य रचनाओं की भाषा ब्रजभाषा है। सूरसागर, सूरसारावली एवं साहित्य लहरी सूरदास की रचनाएँ हैं। रस-पंचाध्यायी, रूप-मंजरी, रस मंजरी, भँवर-गीत आदि नंददास की रचनाएँ हैं।

6. (a) 'प्रेम अनदेखी राहों की तरह ही आकर्षक होता है।' वाक्य में सामान्य वर्तमान काल है।

7. (a) 'प्रेम में भगवान' (अनुवाद) के लिए 1952 में जैनेन्द्र कुमार को भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया था।

8. (d) 'निशीथ' का अर्थ 'आधी रात' होता है।

9. (d)

10. (d) 'स्मरण' का विपरीतार्थक शब्द 'विस्मरण' है।

11. (d)

12. (d) 'अमृत और विष' के रचनाकार अमृतलाल नागर हैं। बूंद और समुद्र, शतरंज के मोहरे, सुहाग के नूपुर, मानस का हंस आदि इनकी अन्य रचनाएँ हैं

13. (a) 'संक्षिप्त का 'विस्तृत', 'विकास' का विनाश' तथा 'स्थिर' का विलोम 'अस्थिर' होता है।

14. (d) 'उम्मीद' का 'मायूसी' होता है। उन्नति, का अवनति संतोष का असंतोष एवं निराशा का विलोम क्रमशः आशा होता है।

15. (a) 'जगन्नाथ' अंग्रेजी शब्द Jugger-naut से लिया है, जिसका अर्थ 'ब्रह्मांड का भगवान' होता है।

16. (a) 'खराद पर चढ़ना' मुहावरे का अर्थ है 'ठीक होना', 'दुरुस्त होना', 'सुधरना', 'लौकिक व्यवहार में कुशल होना', 'अनुभव प्राप्त होना' होता है। इसका नजदीकी अर्थ 'जाँच में आना' भी हो सकता है। हालांकि प्रश्नानुसार ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (a) माना है।

17. (c) 'पक्षी' पुल्लिंग शब्द है, जबकि शेष शब्द राशि, कुर्सी एवं चील स्त्रीलिंग हैं।

18. (a)

19. (a)

20. (b) 'लोकायतन' के लिए सुमित्रानन्दन पन्त को 'सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार' प्रदान किया गया था।

21. (c) नक्षत्रों के नाम स्त्रीलिंग शब्द होते हैं। जैसे-रोहिणी, भरणी, अश्विनी आदि।

22. (a) 'परभृत' कोयल, कोकिल, पिक, बसंतदूत, वनप्रिय आदि का पर्याय है।

23. (c) वाक्य में 'प्रवासी' शब्द विशेषण है। यह 'पति' शब्द की विशेषता बता रहा है।

24. (c) वाक्यों का सही क्रम इस प्रकार है- 'रावण' ...... दुनिया में इस नाम का दूसरा कोई व्यक्ति नहीं है। राम तो बहुत मिल जाएंगे, लेकिन रावण नहीं। रावण तो सिर्फ रावण है। राजाधिराज लंकाधिपति महाराज रावण को दशानन भी कहते हैं।

25. (a) 'सुधि' शब्द के अंत में 'जन' शब्द जोड़ने से 'सुधिजन' बनेगा जो 'सुधी' का बहुवचन है। पाठक, नारी एवं अधिकारी में क्रमश; गण, वृंद तथा वर्ग जोड़ने से क्रमशः बहुवचन शब्द पाठकगण, नारिवृंद और अधिकारीवर्ग बनते हैं।

26. (c) 'कुटुंब' शब्द पुल्लिंग है, जबकि सेना, धरती एवं मणि शब्द स्त्रीलिंग हैं।

27. (a) 28. (c) 29. (d)

30. (d) 'अकल चकराना' मुहावरे का अर्थ 'कुछ समझ में न आना' होता है।

31. (a) 'अंगना' शब्द का समानार्थी शब्द 'स्त्री' है, जबकि 'अँगना' शब्द का समानार्थी शब्द 'आंगन' है।

32. (b) 33. (b)

34. (a) गद्यांश का शीर्षक 'व्यवहार कुशलता' होना चाहिए।

35. (d) 'सब्ज बाग दिखाना' मुहावरे का अर्थ 'झूठे वायदे करना' है।

36. (d) 'काली घटा का घमंड घटा' पंक्ति में यमक अलंकार है। जब काव्य में किसी शब्द की आवृत्ति दो या दो से अधिक बार हो और उनका अर्थ भिन्न-भिन्न हो, वहाँ यमक अलंकार होता है। प्रश्नगत पंक्ति में 'घटा' शब्द का प्रयोग दो बार हुआ है। पहले प्रयोग में घटा शब्द का अर्थ है सघन बदली या बादल और दूसरे प्रयोग में घटा शब्द का अर्थ 'कम हुआ' है।

37. (b) 'काजल की रेख-सी कतार है खजूर की।' इस पंक्ति में उपमा अलंकार है। जहाँ एक वस्तु की तुलना दूसरी वस्तु से की जाती है, वहाँ उपमा अलंकार होता है। इस पंक्ति में 'खजूर के कतार की' उपमा 'काजल की रेख' से दी गई है।

38. (c)

39. (d) साक्षात

40. (d) 'चरण कमल बन्दौ हरि राई।' प्रश्नगत पंक्ति में 'चरण कमल' का अर्थ है 'कमल के फूल जैसे चरण'।

41. (a)

42. (b) मनोविज्ञान में विसर्ग सन्धि है। इसका संधि विच्छेद होगा- मनः + विज्ञान = मनोविज्ञान। विसर्ग के साथ स्वर या व्यंजन के मेल होने पर जो विकार होता है उसे विसर्ग संधि कहते हैं।

43. (b) राज्यपाल जातिवाचक संज्ञा शब्द है। जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो, उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। विभिन्न संबंधियों, व्यवसायों, पदों और कार्यों के नाम जातिवाचक संज्ञा होते हैं। जैसे-बहन, भाई, अध्यापक, मंत्री, चोर आदि।

44. (a) यह मेरी पतंग है- वाक्य में 'यह' निश्चयवाचक सर्वनाम है।

दूर अथवा समीप की वस्तुओं का निश्चयपूर्वक बोध कराने वाले सर्वनाम निश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

**अनिश्चयवाचक सर्वनाम**-वह सर्वनाम जो किसी निश्चित वस्तु अथवा व्यक्ति का बोध नहीं कराते अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते है; जैसे- वहाँ कोई खड़ा है।

**निजवाचक सर्वनाम**-जो सर्वनाम वाक्य के कर्ता के साथ 'अपनापन' बतलाने के लिए आते हैं, निजवाचक सर्वनाम कहलाते है।

जैसे-स्वयं, खुद, निज, आप, अपने आप इत्यादि।

यह कार्य मैं स्वयं कर लूंगा।

**प्रश्नवाचक सर्वनाम**-जिन सर्वनामों से किसी संज्ञा के विषय में प्रश्न का बोध हो उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं।

**जैसे**-कौन, कहाँ, कैसे, किसने, किससे, आदि।

45. (d) 'कल' शब्द का अर्थ है बीता हुआ दिन, इसका भिन्नार्थक शब्द है, 'आने वाला कल'।

46. (d) 47. (d) 48. (b)

49. (a) 50. (c)